

# समस्या : गांधी चौक से लालता चौक मार्ग में जाम हुआ आम

## शहर के गांधी चौराहे से लालता चौक मार्ग में सड़क में बेतरतीब फुटपाथ में लगने वाली दुकानें और ठेले बने समस्या

नवभारत न्यूज

**सीधी, 14 अप्रैल। शहर के गांधी चौराहे से लालता चौक मार्ग में सड़क में बेतरतीब फुटपाथ में लगने वाली दुकानों और ठेले समस्या बने हुए हैं गांधी चौक से लालता चौक मार्ग में जाम अब आम हो चुका है।**

गौरतलब है कि शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र की सड़कों के किनारे फुटपाथी दुकानों के सजने एवं सड़क पर ठेलों के खड़ा होने से जाम की समस्या गांधी चौक से लालता चौक मार्ग में आम हो चुकी है। फुटपाथी एवं ठेला व्यापारियों द्वारा अस्पताल तिराहा के मुख्य मार्गों की सड़कों के किनारे से लेकर मानस भवन मार्ग, गांधी चौक मार्ग से लेकर लालता चौक तक पूरी यातायात व्यवस्था को पंगु बना दिया गया है। प्रशासनिक कार्रवाई में सख्ती न होने के कारण फुटपाथी एवं ठेला व्यवसाइयों के हौंसले अतिक्रमण को लेकर काफी बुलंद हैं। तत्संबंध में बाजार क्षेत्र के व्यवसाइयों का कहना था कि आरंभ में फुटपाथी एवं ठेला



व्यापारियों ने अतिक्रमण का सिलसिला सब्जी मंडी पालिका बाजार क्षेत्र से शुरू किया। करीब दो दशकों से उनके अतिक्रमण पर कोई प्रशासनिक सख्ती न होने के कारण नये फुटपाथी एवं ठेला व्यापारियों ने गांधी चौक, मानस भवन मार्ग, अस्पताल तिराहा, लालता चौक क्षेत्र को अपना नया ठिकाना बना लिया है। नगर पालिका एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई होने पर अतिक्रमणकारी कुछ घंटे के लिये हट जाते हैं। बाद में प्रशासनिक अमला के जाते ही वह फिर से पुराने स्थान में जम जाते हैं।

### सतत् और सख्त कार्यवाही की दरकार

शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिये सख्त कार्रवाई की सतत दरकार है। अतिक्रमणकारियों को हटाने के बाद वह फिर से अतिक्रमण न करें इसके लिये महीनों नजर रखने की जरूरत है। इसके लिये खास कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी जाय और फिर यदि अतिक्रमण होता है तो संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### फुटपाथ से सड़क में दुकान लगने से होती है घटना

शहर के व्यस्ततम सड़क के फुटपाथ एवं सड़क पर दुकान लगाने से सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ठेला व्यवसायी भारी जाम लगने पर भी नहीं हटते और विरोध करने पर मारपीट के लिये उतारू हो जाते हैं। उनके द्वारा सरहंगई पूर्वक फुटपाथ एवं सड़कों पर ठेले लगाये जा रहे हैं। जिस पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत है।

### इनका कहना है

शहर के गांधी चौक समेत बाजार क्षेत्र में अभी मुख्य सड़कों पर खड़े होने वाले ठेलों पर जुर्माना कार्रवाई की गई है, इसे निरंतर चलाया जायेगा। सड़कों के जाम की समस्या को लेकर पुलिस और नगर पालिका द्वारा पूर्व में भी संयुक्त अभियान चलाया गया है। कलेक्टर के निर्देशन में यह प्रयास किया जा रहा है कि फिलहाल किसी विशेष क्षेत्र के ठेलों को खड़ा करने के लिये विशेष जगह नियत कर उस पर नजर रखी जाय।

**प्रिया पाठक, प्रभारी सीएमओ नपा/डिप्टी कलेक्टर सीधी**

शहर के गांधी चौक समेत बाजार क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर बेतरतीब खड़े होने वाले ठेलों पर अभी प्रभारी सीएमओ मैडम द्वारा चालानी कार्रवाई की गई है। यातायात पुलिस की ओर से भी मुख्य सड़कों में जाम ना लगे इसके लिये लगातार कार्रवाई चल रही है।

**भूपेश वैस, थाना प्रभारी यातायात सीधी**



# जनता जनार्दन का अपार स्नेह, आशीर्वाद लेकर जा रहा हूं संसद : डॉ .राजेश मिश्रा

## सैकड़ों महिलाओं ने सांसद को किया रवाना

नवभारत न्यूज

**सीधी 14 अप्रैल। लोकसभा संसदीय क्षेत्र की विशेष रूप से मात्र शक्तियों ने गाजे बाजे, भव्य आतिशबाजी एवं नाचते गाते, उल्लास भरे गीतों के साथ लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा को संसद के विशेष सत्र नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए रवाना किया।**

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, भाजपा जिला संगठन नरेन्द्र त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष केके तिवारी, लालचंद गुप्ता, डॉ.सुनीता तिवारी, सावित्री मिश्रा, डॉ.अंजना शुक्ला, डॉ.बीना मिश्रा, सरस्वती बहेलिया, अंजू पाठक, डॉ.मनीला सिंह चौहान, विभा शर्मा, सुनीता रानी वर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम सोनी, संगीता सिंह चौहान, जगदंबा सोनी, पार्षद शुभा देवी कोल, महिमा तिवारी, निशा सिंह चौहान, पूजा सिंह कुशराम, उर्मिला साकेत, ज्योति कुशवाहा, अनीता चौरसिया, उषा गोपाल पटेल सहित सिंगरौली, ब्यौहारी और सीधी से सैकड़ो महिलाओं ने कलश दिखाकर पुष्प वर्षा के साथ शामिल हुई।

लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने अपने निज निवास से महिलाओं के विशाल काफिले के बीच सपरिवार अभिवादन स्वीकार करते हुए स्थानीय अंबेडकर चौक पहुंचकर संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभिनंदन के पश्चात मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि आजादी के 75 वर्षों में जो कभी नहीं हुआ वे सभी कार्य मोदी जी कर रहे हैं। देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व लोकसभा, राज्यसभा एवं विधानसभा में आरक्षित हो इसके लिए नारी शक्ति बंधन अधिनियम के माध्यम से 33 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। सांसद डॉ.मिश्रा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में समूचे विपक्ष को महिलाओं के सम्मान में आगे आना चाहिए और सर्व सम्मति से विधायक पारित कराना चाहिए।

# समानता व न्याय का आधार है बाबा साहब का संविधान : ज्ञान

## डॉ .भीमराव अम्बेडकर जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया माल्यार्पण, अर्पित की श्रद्धांजलि



नवभारत न्यूज

**सीधी 14 अप्रैल। भारत के संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय के अग्रदूत एवं भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने कलेक्ट्रेट चौक सीधी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने बाबा साहब के योगदान को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने संदेश में जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित भारतीय संविधान आज भी देश को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मार्ग पर आगे बढ़ाने का सशक्त आधार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हर भारतीय को समान अधिकार, सम्मान और न्याय दिलाने के लिए डॉ.अम्बेडकर का संघर्ष सदैव प्रेरणादायक रहेगा। वर्तमान समय में उनके विचारों को अपनाना और संविधान की मूल भावना की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष काजल वर्मा, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र भदौरिया, संगठन महासचिव ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद वर्मा, वरिष्ठ नेता विनोद मिश्रा, महामंत्री नवीन सिंह, दया वर्मा, गोविंद गुप्ता, राजबहोर जायसवाल, रजनीश श्रीवास्तव, कुमुदिनी सिंह, जय सिंह, अशोक कोरी, शीला साकेत, अखण्ड प्रताप सिंह, अरविंद सिंह, बांके अवधिया, विवेक सिंह दीपू, हल्के सोनी, नागेश्वर साकेत, रमेश साकेत, शशिकला द्विवेदी, प्रियंका सिंह, गौरी साकेत, सुनील सिंह, तारा सिंह, पुष्पा सिंह, रमेश सेन, सानेंद्र सिंह, रमेश सिंह, अजय सेंगर सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# एकलव्य टमसार में धौंहनी विधायक ने मनाई अंबेडकर जयंती

नवभारत न्यूज

**सीधी 14 अप्रैल। भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विधायक धौंहनी कुंवर सिंह टेकाम एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय टमसार पहुंचे और कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।**

कार्यक्रम के दौरान विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए उनके सर्वांगीण विकास पर विस्तार



से चर्चा की। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताया है। इस दौरान विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया और उनका हालचाल जाना। इस दौरान बच्चों में उत्साह और खुशी का वातावरण देखने को मिला।

# टाटा कॉलेज में सांस्कृतिक एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 14 अप्रैल। टाटा कॉलेज सीधी में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 2025-26 का भव्य आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में टाटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के प्रबंध निदेशक इंजी.आरबी सिंह रहे।



विशिष्ट अतिथि सिद्धभूमि इंटरनेशनल स्कूल की संचालिका श्रीमती रचना राजे सिंह रहीं। मुख्य अतिथि इंजी.आरबी सिंह ने कहा कि आप ही इस देश के भविष्य हैं। आपके सपने, आपकी मेहनत और आपका आत्मविश्वास ही हमारे भारत को आगे ले जाएगा। आज आपने मंच पर जो प्रतिभाए उत्साह और अनुशासन दिखाया है वह वास्तव में प्रशंसनीय है। आप इसी तरह से निरंतर प्रयास करते रहेंगे तो निश्चित ही आप अपने जीवन के सभी उद्देश्यों को प्राप्त करेंगे, महाविद्यालय परिवार हमेशा आपके साथ खड़ा है। इसके साथ ही सीईओ डॉ.अतुल द्विवेदी, प्राचार्य राघवेन्द्र द्विवेदी, एकेडमिक डीन सौरभ सिंह, टीआईटी प्राचार्य डॉ.देवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ लाइब्रेरियन एवं केन्द्राध्यक्ष बीएलण् सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.राजेश वर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सुश्री अनुपमा तिवारी के निर्देशन में किया गया, जो अत्यंत सराहनीय रहा। मंच संचालन सुश्री खुशी सिंह एवं संत कुमार वर्मा द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया।

# टेट परीक्षा पर रिव्यू पिटीशन की तैयारी शुरू, शिक्षकों पर नहीं होगी परीक्षा की बाध्यता

नवभारत न्यूज

**सीधी 14 जनवरी। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मध्य प्रदेश में शिक्षकों की टेट परीक्षा हेतु पुनर्विचार याचिका उच्चतम न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रगति की जानकारी हेतु 13 अप्रैल को नवागत आयुक्त अभिषेक सिंह लोक शिक्षण द्वारा मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के नेतृत्व में मान्यता प्राप्त संगठनों को संचालनालय में आमंत्रित किया गया।**

अभिषेक सिंह आयुक्त के साथ केके द्विवेदी संचालक, सुश्री कामना आचार्य अपर संचालक, धर्मेन्द्र



शर्मा संयुक्त संचालक के साथ अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डाण् क्षत्रवीर सिंह राठौरए प्रांतीय संगठन मंत्री हिम्मत सिंह जैनए प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ताए प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद कुमार पूनी भोपाल संभागीय अध्यक्ष विकास चौहान जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष सीधी सतीश कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। चर्चा में आयुक्त ने पुनर्विचार याचिका के संदर्भ में स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा सुप्रीम कोर्ट के सालिसिटर जनरल से विधिक परामर्श कर रिव्यू पिटीशन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। आयुक्त अभिषेक सिंह ने स्पष्ट कहा कि एक सप्ताह में शिक्षकों का जिलेवार वर्गीकरण कर यह अवगत करा दिया जावेगा की कौन-कौन शिक्षक परीक्षा में सम्मिलित होंगे। टेट परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु कोई बाध्यता नहीं है। किसी कारणवश परीक्षा करनी ही पड़ी तो विभाग प्रत्येक जिलों में तैयारी हेतु कक्षाएं चलाएगा। शिक्षकों को मॉडल प्रश्न पत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। शिक्षकों को परेशान होने की जरूरत नहीं सब अच्छा होगा।

# पश्चिम बंगाल में सोनार बांग्ला का सपना अब पूरा होकर रहेगा : रीता

नवभारत न्यूज

**सीधी 14 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पश्चिम बंगाल चुनाव के परिपेक्ष्य में चुनाव प्रचार अभियान के लिए नियुक्त पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना की सह प्रभारी व पार्टी की वरिष्ठ नेत्री रीता सोनी ने अपने जारी चुनाव प्रचार अभियान के दौरान एक बयान में कहा है कि पश्चिम बंगाल के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में भारतीय जनता पार्टी एक सशक्त विकल्प के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में विजय की ओर अग्रसर है। पश्चिम बंगाल जो कभी भारत का सांस्कृतिक और आर्थिक केन्द्र हुआ




करता था आज विकास की नयी राह के रूप में भाजपा की ओर देख रहा है। इस चुनावी माहौल में आसोल पोरिबोर्तन (वास्तविक परिवर्तन) का नारा केवल एक शब्द नहीं बल्कि बंगाल की जनता की आकांक्षा बन गया है। रीता सोनी ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में कई ऐसे ठोस कारण हैं जो राज्य की किस्मत बदल सकते हैं। मसलन डबल इंजन की सरकार और विकास की तर्ज पर केंद्र में मोदी सरकार की मूल्यवान योजनाओं को बंगाल के हर घर तक पहुंचाने के लिए राज्य में भी भाजपा की सरकार होना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत और किसान सम्मान निधि जैसी सुविधाएं जो अब तक बंगाल में पूरी तरह लागू नहीं हो पाई हैं उनका लाभ सीधे जनता को मिल सकेगा। भाजपा की चुनाव सह प्रभारी रीता सोनी ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान बंगाल की परंपरा रही है। भाजपा ने वादा किया है कि राज्य में कानून व्यवस्था को इतना मजबूत किया जाएगा कि हर महिला स्वयं को सुरक्षित महसूस करे। उन्होंने कहा कि बंगाल की मिट्टी ईश्वर चंद्र विद्यासागर, स्वामी विवेकानंद और रवींद्रनाथ टैगोर की मिट्टी है।



# भारत रत्न बाबा साहब की जयंती पर भाजपा ने अर्पित की श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**सीधी 14 अप्रैल। भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगुवाई में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रात: काल स्थानीय अंबेडकर चौक पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।**

श्रद्धा सुमन अर्पित एवं माल्यार्पण करने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा जिला संगठन प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, जिपं अध्यक्ष मंजू राम जी सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष केके तिवारी, लालचंद गुप्ता, डॉ.देवेंद्र त्रिपाठी, विश्वबंधु धर द्विवेदी, उषा गोपाल पटेल, शिवदान साकेत, मनीला सिंह चौहान, अनिल पाण्डेय, मोतीलाल पटेल, संदीप द्विवेदी, नीलम पाण्डेय, शत्रुघ्न तिवारी, सूर्य प्रताप सिंह, सुरेंद्र मणि दुबे, पूनम सोनी, राकेश मौर्य, पंकज पाण्डेय सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके पश्चात पार्टी कार्यालय में बाबा साहब के जीवन आदर्शो पर आधारित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम बनेगा देश का भाग्य बदलने की क्षमता वाला अधिनियम : मनीषा

## नारी शक्ति बंधन अधिनियम पर स्थानीय सर्किट हाउस में भाजपा ने आयोजित की पत्रकार वार्ता

नवभारत न्यूज

**सीधी 14 अप्रैल। नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने की क्षमता वाला अधिनियम बनेगा। हमारी माताएं और बहने देश के नवनिर्माण के सभी निर्णय में बराबर की सहभागी और साक्षी बनेंगी। नारी शक्ति बंधन अधिनियम मातृशक्ति के लिए अविस्मरणी क्षण और वरदान साबित होगा।**

उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्देशित स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं बल्कि सदियों से प्रतीक्षारत, उस सामाजिक न्याय की प्रतिज्ञा है जिसे



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धरातल पर उतारा है। यह विधेयक महिलाओं को केवल वोट बैंक समझने वाली मानसिकता को ध्वस्त कर उन्हें नीति निर्धारण और नेतृत्वकारी भूमिका में बैठाने का ऐतिहासिक काम करेगा। नारी शक्ति बंधन अधिनियम स्वतंत्र भारत के इतिहास का वह स्वर्णिम अध्याय है जो हमारी माता बहनों को याचक से नायक की भूमिका में स्थापित करेगा। वर्षों से संसद की दहलीज पर खड़ी हमारे भारत की बेटियों का इंतजार अब खत्म होगा क्योंकि यह अधिनियम उन्हें वह राजनीतिक सामर्थ दे रहा है। जहां वे स्वयं अपने और देश के भविष्य का फैसला करेंगे।

प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक ने कहा कि यह विधेयक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस गारंटी का प्रमाण है जिसे दशकों से राजनीति के हासिए पर खड़ी भारत की बेटियों को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण का संवैधानिक अधिकार उन्हें देकर उन्हें राष्ट्र का भाग्य विधाता बना दिया है। इस अधिनियम का लक्ष्य है कि 2029 में जब देश मे नई सरकार बनेगी तब संसद के गलियारों में 33 प्रतिशत सीटों पर नारी शक्ति की गूंज सुनाई देगी। श्रीमती सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक महिला आरक्षण के नाम पर देश की आंखों में धूल झोंका है। उनके लिए है विधायक केवल चुनाव की घोषणा पत्र का पन्ना मात्र था जिसे उन्होंने कभी नियत के साथ लागू नहीं किया। कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को जातियों और संप्रदायों में बांट कर देखा। लेकिन मोदी जी ने उन्हें एक शक्ति के रूप में एकजुट किया। शाहबानो का प्रकरण इसका ज्वलंत उदाहरण है। पत्रकार वार्ता का संचालन जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र मणि दुबे और आभार प्रदर्शन पत्रकार वार्ता की संयोजक महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम सोनी ने किया।

### मोदी सरकार में महिलाओं का हुआ सशक्तिकरण

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने 12 करोड़ से अधिक इज्जत घर बनाकर उनकी गरिमा की रक्षा की। उज्ज्वला योजना के जरिए 10 .33 करोड़ महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली और 73 प्रतिशत पीएम आवास सीधे महिलाओं के नाम पर रजिस्टर्ड किए गएए जिससे उन्हें संपत्ति का मालिकाना हक मिला। 10 करोड़ महिलाएं स्व सहायता समूह से जुड़ी हैं जिन्हें 11 लाख करोड़ की वित्तीय मदद दी जा रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का ही परिणाम है कि आज भारत में पहली बार 1000 पुरुषों पर 1020 महिलाएं हुई हैं। आज भारत में पुरुषों की तुलना में अधिक महिलाएं उच्च शिक्षा में दाखिला ले रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वह ऐतिहासिक पल देखा जब श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के रूप में देश को पहले आदिवासी महिला राष्ट्रपति मिली। आरबीआई चीफ और अर्धसैनिक बलो का नेतृत्व करने वाली हमारी महिलाएं ही हैं।

### पत्रकारवार्ता में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह, जिला उपाध्यक्ष अभियान टोली की संयोजक डॉ .मनीला सिंह चौहान, टोली की सदस्य सरस्वती बहेलिया, सुनीता रानी वर्मा, पूजा सिंह कुशराम, उषा गोपाल पटेल, जिला उपाध्यक्ष शिवदान साकेत, सोशल मीडिया के संभागीय सह संयोजक जितेन्द्र तिवारी साहित सैकड़ो प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और वेब मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

CMYK